## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में रबी फसलों की बुआई शुरू

» एक लाख 36 हजार 440 हेक्टेयर में हो चुकी रबी फसलों की बुआई

» सवा 18 लाख हेक्टेयर में बोनी का लक्ष्य

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में रबी फसलों की बोनी का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया है। अब तक एक लाख 36 हजार 440 हेक्टेयर रकबे में विभिन्न प्रकार की रबी फसलों की बोनी हो चुकी है। इस साल राज्य में 18 लाख 25 हजार हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी का लक्ष्य है, जो गत वर्ष राज्य में 17 लाख 48 हजार 680 हेक्टेयर में हुई रबी फसलों की खेती की तुलना में 76 हजार 320 हेक्टेयर अधिक है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल रबी सीजन में अब तक गेंहू, धान, मक्का, जौ, ज्वार एवं अन्य अनाज फसलों की बोनी 1600 हेक्टेयर मे, दलहन फसलों की बोनी 95 हजार 900 हेक्टेयर में, तिलहन फसलों की बोनी 20 हजार 840, गन्ना की बोनी 4 हजार 280, साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की बोनी 13 हजार 630 हेक्टेयर में हो चुकी है।

### ट्रेन की चपेट में अज्ञात की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आस-पास व सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने की कोशिश कर रही है। मृतक की उम्र करीब 35-40 साल है। जानकारी के अनुसार विशाखापटनम की ओर जा रही मालगाड़ी के गार्ड ने अरंड स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि कोई ट्रेन की चपेट में आ गया है। इससे उसकी मौत हो गई है। वह ट्रैक के बगल में पड़ा हुआ है। इसके बाद उक्त घटना की सूचना स्टेशन प्रबंधक महासमुंद की ओर से कोतवाली प्रभारी को दी गई।

### एग्रीकल्चर की छात्राओं ने दिया फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण

**भिलाई (आरएनएस)।** समीपवर्ती ग्राम कचान्दुर के किसानों को बी.एस-सी.(कृषि) चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने रावे-रेडी और एग्रीकल्चर इंडस्ट्रियल अटैचमेंट प्रोग्राम के तहत फूड प्रोसेसिंग (खाद्य प्रसंस्करण) सम्बन्धी जानकारी दी। इस्पात नगरी निवासी संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कवर्धा की छात्राओं प्रियंका ठाकुर, नम्रता साहू, पी.मुत्थुलक्ष्मी और जाह्नवी मौर्य ने कृषकों ने पपीते से टूटी-फ्रूटी, पाइनेपल से जैम,नीबू से स्क्वैश, स्ट्राबरी से जैली एवं विभिन्न फलों से जूस बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लघु वर्ग के किसानों जामेश्वरी यादव, रमाकांत, रेशमा साहू, कमलेश्वरी वर्मा, तुलेश्वरी साहू, काजल वर्मा,सिद्धि एवं हर्ष ने जैम जैली, स्क्वैश आदि बनाना सीखा।

# रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, विभागों ने लगाई प्रदर्शनी

## 21 वें राज्य स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

» शासन की योजनाएं निर्मित कर रही उन्नति के अवसर-विधायक प्रकाश नायक

**रायगढ़।** 21 वें राज्य स्थापना दिवस का आयोजन रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने आज मिनी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक नायक ने सभी नागरिकों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अपने उद्बोधन में कहा कि शासन लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन कर रही है। सरकार की योजनाएं छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए उन्नति के अवसर निर्मित कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि के सुदृढ़ीकरण के साथ ही भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए भी सरकार योजना चला रही है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण की दिशा में भी शासन की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले में सभी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन में भी जिला राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी चल रहा है, जो कि हमारे लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू ने भी समारोह को संबोधित किया और जिलेवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी।

कलेक्टर भीम सिंह ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन दिया तथा सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अर्जित उपलब्धियों का प्रतिवेदन पढ़ा। उन्होंने कहा कि आगे भी निरंतर विकास कार्यों को नई ऊंचाई देने के लिए पूरा प्रशासन निरंतर कार्य करेगा। कार्यक्रम के पहले विधायक नायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। राज्योत्सव के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सदस्य बीज निगम दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर नगर निगम श्रीमती जानकी काटजू, आयुक्त नगर निगम एस.के.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, एडिशनल



एस.पी.श्री लखन पटले, अनिल शुक्ला, शाहनवाज खान, विकास शर्मा, शाखा यादव, श्रीमती विलास तिहारू राम सारथी, संगीता गुप्ता, विद्यावती सिदार सहित रायगढ़ के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल व रंजीत कौर ने किया।

**बच्चों ने भी दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति** – राज्योत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न लोक कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों ने भी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिनमें शा.कन्या शाला रायगढ़ द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। आदर्श ग्राम्य भारती किरोड़ीमल नगर, ओपी जिंदल स्कूल पतरापाली, स्वामी आत्मानंद स्कूल रायगढ़ व खरसिया, शालिनी स्कूल, कार्मेल स्कूल रायगढ़, आदर्श बाल मंदिर रायगढ़ एवं गोढ़ी तमनार के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सुश्री माधुरी त्रिपाठी ने ओडिसा नृत्य, सोमादास एण्ड ग्रुप द्वारा गणेश वंदना, कु.घनिष्ठा दुबे ने कथक, आधा शक्ति एण्ड ग्रुप के पूनम सोलंकी ने गरबा, चक्रधर बाल सदन की बालिकाओं ने कोरोना महामारी व देशभक्ति नृत्य तथा हूतेन्द्र शर्मा एण्ड ग्रुप व दीपक आचार्य एण्ड ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकरंग के माध्यम से अपनी छटा बिखेरी।

**इन विभागों ने लगाई थी प्रदर्शनी**– राज्योत्सव के मौके पर रेशम विभाग, मिलेट्स रागी कैफे, महिला एवं बाल विकास, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, नगरपालिक निगम, आदिवासी विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा, वन एवं जलवायु परिवर्तन वनमंडल धरमजयगढ़ एवं जिला रायगढ़, श्रम विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री मंत्री ग्राम सड़क योजना, क्रेडा, जल जीवन मिशन, आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पशुधन विकास, मछली पालन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बिहान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ व्यंजन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एनटीपीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अम्बुजा सीमेंट द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के संबंध में प्रदर्शनी लगाई गई तथा लोगों को जानकारी प्रदान की गई।

# राज्य के 2029 गौठान हुए स्वावलंबी: रायगढ़ जिले में स्वावलंबी बने सर्वाधिक 249 गौठान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 7714 गौठानों में से 2029 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 249 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे क्रम पर कबीरधाम जिला, जहां 141 गौठान तथा तीसरे क्रम पर महासमुन्द जिला है, जहां 131 गौठान स्वावलंबी हुए हैं।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 25, धमतरी में 66, बलौबाजार में 84 तथा रायपुर जिले में 75 कबीरधाम जिले में 141, दुर्ग में 86, बालोद में 67, बेमेतरा में



58, राजनांदगांव जिले में 101, कोरबा में 103, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 25, जांजगीर-चांपा में 90, बिलासपुर में 76, मुंगेली में 60, रायगढ़ में 249, कोरिया में 73, जशपुर में 70, बलरामपुर में 55, सरगुजा में 65, सूरजपुर में 53, कांकेर में 105, कोण्डगांव में 21, दंतेवाड़ा में 35, नारायणपुर में 6, बस्तर में 35, बीजापुर में 22 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10538 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 7714 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 2443 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 381 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है।

गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गौठानों में पशुओं के लिए हरे चारे का इंतजाम भी किया जा रहा है। अब तक 5302 गौठानों में लगभग 14,466 एकड़ में हरा चारा लगाया गया है, जिसमें हाईब्रिड नेपियर घास का रोपण एवं अन्य चारा बुआई की गई है।

# किसान अब 10 तक करा सकेंगे खरीफ फसलों का पंजीयन

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान बेचने तथा खरीफ फसलों की खेती के लिए योजना के तहत आदान सहायता राशि का लाभ लेने के लिए राज्य के किसान भाई एकीकृत किसान पोर्टल में अब 10 नवम्बर 2021 तक पंजीयन करा सकेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रीगणों, जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग के मद्देनजर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021 से बढ़ाकर अब 10 नवम्बर 2021 तक किए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में किसान पोर्टल में 10 नवम्बर तक पंजीयन जारी रहेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की बैठक में खरीफ सीजन की सभी फसलों एवं उद्यानिकी फसलों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। केबिनेट के इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए किसानों की सहूलियत के लिए पंजीयन की अवधि में एक माह की बढ़ोत्तरी करते हुए 31 अक्टूबर 2021 कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य के किसान की सहूलियत और पंजीयन की प्रक्रिया को आसान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल http://kisan.cg.nic.in बनाया गया है।

# लाखों रुपए के गांजे साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**जशपुर (आरएनएस)।** सात लाख चालीस हजार रूपये कीमत के गांजे के साथ रायगढ़ जिले के गांजा तस्कर को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जशपुर जिले के पत्थलगांव नगर पंचायत के 20 वर्षीय नवयुवक गौरव अग्रवाल के मौत के बाद जशपुर पुलिस गांजा तस्करो पर लगातार कार्रवाई कर रही है। आपको बता दे पिछले माह के 15 अक्टूबर को जिस दिन विजयादशमी का त्यौहार था उस दिन गौरव अग्रवाल की मौत एक गांजा तस्कर की वजह से हुई थी। गांजे से भरी एक चार पहिया वाहन मां दुर्गा की मूर्ती विसर्जन के दौरान पत्थलगांव मे जुलूस पर निकली भीड़ को रौंदते हुए अंबिकापुर की ओर निकल गई थी, इस घटना से जहां गौरव अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं जुलूस मे शामिल 17 लोग घायल हो गये थे। यह घटना पुलिस की लापरवाही की वजह से घटी हुई थी। जिसके पत्थलगांव थाने मे पदस्थ एक ए.एस.आई. के. के. साहु को निलंबित कर दिया गया था वहीं पत्थलगांव थाना प्रभारी संतलाल आयाम को लाईन



अटैच कर दिया गया था।

रविवार 31.10.2021 को जशपुर जिले के थाना तुमला को मुखबीर से सूचना मिली कि सीमावर्ती राज्य ओडिसा की ओर से एक हुंडई कार क्र. OD 05 P 2171 में 01 व्यक्ति भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करते हुये लैलुंगा की ओर जा रहा है, इस सूचना पर थाना प्रभारी तुमला द्वारा थाने के अन्य स्टॉफ एवं गवाहों के साथ ग्राम तेलाईन के पास जाकर नाकाबंदी कर सामने से आ रही कार क्र. OD 05 P 2171 को रोकने का प्रयास किया गया, उक्त कार के चालक द्वारा पुलिस की नाकाबंदी को देखकर कार को जंगल के रास्ते में भगाने का प्रयास किया जिसे पुलिस द्वारा पीछा कर बारीकजोर जंगल में पकड़कर अभिरक्षा में लिया गया। उक्त कार की तलाशी लेने पर आरोपी दशरथ कान्डरा द्वारा कार की डिक्की में छिपाकर रखे 02 प्लास्टिक बोरा में कुल 37 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसकी कीमत पुलिस 3,60,000 /-(तीन लाख साठ हजार रू.) आंक रही है, गवाहों के समक्ष पहचान कराया गया। जानकारो की माने तो बाजार मे गांजा बीस हजार रूपये प्रति किलो की दर से बड़े आसानी से बिक जाता है। इस हिसाब से 37 किलो गांजा की कीमत सात लाख चालीस हजार रूपये होता है। आरोपी का कृत्य धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट का पाये जाने से विधिवत् कार्यवाही कार्यवाही कर घटना में प्रयुक्त कार, वाहन का कागजात को जब्त कर विवेचना में लिया गया। मामले में आरोपी दशरथ कान्डरा उम्र 28 वर्ष निवासी चिराईखार थाना लैलुंगा जिला रायगढ़ (छ.ग.) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को रविवार 31.10.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# 15 शिक्षकों को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण

» स्कूल शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज यहां रायपुर में सालेम उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में 15 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला के 12 प्रधान पाठक और सहायक शिक्षकों को शिक्षादूत पुरस्कार और राज्य स्तरीय ज्ञानदीप पुरस्कार से तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एन.बंजारा के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



स्कूल शिक्षा डॉ.टेकाम ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में सम्मानित सभी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने इसी प्रकार कार्य करते रहने के लिए शिक्षकों को प्रेरित कर सभी को शुभकामनाएं दी। मंत्री डॉ.टेकाम ने समारोह में ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर चयनित रायपुर जिले के तीन शिक्षकों श्रीमती अरूणा तिवारी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिठिया विकासखंड तिल्दा, श्रीमती पूर्णेश डडसेना शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंगोराभाठा दक्षिण पूर्व विकासखंड धरसींवा और हरीश दीवान शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला खमतराई विकासखंड आरंग को शॉल, फ्ल प्रशस्त्रि पत्र एवं सात-सात हजार रूपए की धनराशि प्रदान की।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शिक्षादूत पुरस्कार के लिए रायपुर जिले के सभी पांचों विकासखंडों से चयनित प्राथमिक स्तर के 12 शिक्षकों को शाल, फ्ल, प्रशस्त्रि पत्र और 5-5 हजार रूपए की धनराशि प्रदान की। इनमें विकासखंड अभनपुर के सहायक शिक्षक एलबी कुम्भज सिंह कश्यप शासकीय प्राथमिक शाला दीनदयाल नवापारा, यशवंत कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला कठिया नम्बर-2 और योगेन्द्र कुमार ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला टीला शामिल है। इसी प्रकार विकासखंड तिल्दा की शासकीय प्राथमिक शाला वनभिभौंरी के प्रधानपाठक कमल नारायण वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला खौलीडबरी के सहायक शिक्षक एलबी पीताम्बर दास बंजारे और शासकीय प्राथमिक शाला बोईरझिटी की सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती ईश्वरी कश्यप को सम्मानित किया गया।

विकासखंड धरसींवा की शासकीय प्राथमिक शाला डोमा की सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती पुष्पा शुक्ला, शासकीय प्राथमिक शाला बीरगांव की सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती अन्नपूर्णा पाटकर और शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर की सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती रिंकूरानी मधु को सम्मानित किया गया। विकासखंड आरंग के शासकीय प्राथमिक शाला जरौदा की सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती सावित्री सोनकर, शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी के सहायक शिक्षक एलबी लोकनाथ साहू और शासकीय प्राथमिक शाला धोंट के सहायक शिक्षक एलबी सुधीर कुमार आचार्य को सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480